**दिनांक–27.04.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल–जमाव के निराकरण हेतु समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

दिनांक–27.04.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में ईखायुक्त, बिहार, गन्ना विभाग के अधिकारियों, सुगर मिलों के प्रतिनिधियों तथा जल संसाधन विभाग के संबंधित मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के साथ गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल–जमाव के निराकरण हेतु समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल–जमाव के निराकरण हेतु दिनांक–25.03.2026 को दिये गये निदेशो के अनुपालन की समीक्षा की गई जिसमें मुख्यतः गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल जमाव के निराकरण हेतु किये जा रहे भू–अर्जन कार्य एवं जिला में उपलब्ध कराई गयी तकनीकी रुप से स्वीकृत योजनाओं के कार्रवाई पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अभियंता मुजफ्फरपुर/गोपालगंज/समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन चिन्हित कुल 354 योजनाओं में से 274 योजनाओं का तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर इसके प्रशासनिक स्वीकृति हेतु संबंधित जिला के सक्षम प्राधिकार एवं नोडल पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया गया है। मुख्य अभियंता, गोपालगंज/मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन भू–अर्जन से संबंधित मध्यम अवधि में कार्यान्वयन निमित कुल 18 एवं 05 योजनाये है।

इसके अतिरिक्त ईखायुक्त, बिहार द्वारा माह–मई में दोन नहर, त्रिवेणी नहर एवं तिरहुत नहर में जल संचालन एवं सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा सुगर क० लि० मिल के गन्ना की उपलब्धता वालें कृषि क्षेत्रों से जल निकासी हेतु अनुरोध किया गया।

- **समीक्षात्मक बैठक के दौरान दिये गये निदेश निम्नवत् है :-**

1. मुख्य अभियंता, मोतिहारी परिक्षेत्राधीन तिरहुत नहर, दोन नहर एवं त्रिवेणी नहर में माह मई में गन्ना कृषि की सिंचाई हेतु जल संचालन की व्यवस्था के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया।

   **(अनुपालनः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी)**

2. मुख्य अभियंता मुजफ्फरपुर को सीतामढ़ी जिला में अवस्थित रीगा सुगर क० लि० मिल के गन्ना कृषि उपलब्धता वाले क्षेत्रों को जल जमाव से मुक्त करने निमित कार्रवाई करने हेतु निदेश दिया गया।

   **(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर)**

3. मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर द्वारा परिक्षेत्राधीन शेष बची योजनाओं को 07 दिवस के अन्दर पूर्ण करने हेतु अतिरेक तकनीकी बल की माँग की गई। इस संबंध में अतिरिक्त तकनीकी बल उपलब्ध कराने हेतु संयुक्त सचिव (प्रबंधन) को निदेश दिया गया।

   **(अनुपालनः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर एवं संयुक्त सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग)**

4. मसान नदी पर तटबंध निर्माण हेतु कुल 30 मौजों का भू–अर्जन अधियाचना जिला भू–अर्जन पदाधिकारी को तय समय सीमा में उपलब्ध नही कराने के कारण संबंधित कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर को निदेश दिया गया। पुनः विभाग में पदस्थापित अमीनों की सूची उपलब्ध कराने हेतु संयुक्त सचिव, जल संसाधन विभाग को निदेश दिया गया।

   **(अनुपालनः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर एवं संयुक्त सचिव, जल संसाधन विभाग)**

5. मुख्य अभियंता, गोपालगंज/मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन भू-अर्जन से संबंधित मध्यम अवधि के योजनाओं का विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया है। भू-अर्जन से संबंधित कार्यो के निष्पादन हेतु अमीन के आवश्यकता/उपलब्धता के संबंध में जिला पदाधिकारी, गोपालगंज एवं पश्चिम चम्पारण को पत्राचार के लिए निदेश दिया गया। तदोपरान्त विकास आयुक्त महोदय, बिहार के अध्यक्षता में आहूत बैठक में अमीन उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया जा सकता है।

**(अनुपालनः-अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना एवं मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर/मुजफ्फरपुर/गोपालगंज)**

6. मुख्य अभियंता, समस्तीपुर द्वारा बताया गया कि 07 दिवस के अन्दर काँवर झील पर चेक डैम निर्माण से गन्ना उत्पादन क्षमता पर होने वाले प्रभाव का आकलन प्रतिवेदन उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**(अनुपालनः-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर)**

7. मुख्य अभियंता, समस्तीपुर द्वारा बताया गया कि मृत बागमती नदी के गाद उड़ाही कार्य का Benefit/Cost ratio का आकलन कर प्राक्कलन 15 दिवस के अन्दर विभाग को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**(अनुपालनः-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर)**

8. विकास आयुक्त महोदय, बिहार की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी के साथ होने वाले बैठक में गन्ना कृषि क्षेत्रों से जल निकासी हेतु चिन्हित योजनाओं में अतिक्रमण संबंधी मामले को रखे जाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः-अधीक्षण अभियंता, बाढ़ योजना एवं मोनिटरिंग अंचल)**

9. बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण एवं सुगर मिल्स के प्रतिनिधिगण की सूची परिशिष्ट-01 में संलग्न है।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024- 1918 /पटना, दिनांक-06-05-2026

प्रतिलिपि- प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

06/05/2026

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024- 1918 /पटना, दिनांक-06-05-2026

प्रतिलिपि- प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार को सूचनार्थ समर्पित।

06/05/2026

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024- 1918 /पटना, दिनांक-06-05-2026

प्रतिलिपि- अभियंता प्रमुख, सिचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

06/05/2026

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024- 1918 /पटना, दिनांक-06-05-2026

प्रतिलिपि- संयुक्त सचिव, जल संसाधन विभाग/संयुक्त सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनेटरिंग अंचल-4, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/05/2026

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024- 1918 /पटना, दिनांक-06-05-2026

प्रतिलिपि- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर/मुजफ्फरपुर/गोपालगंज एवं मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/05/2026

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024- 1918 /पटना, दिनांक-06-05-2026

प्रतिलिपि- कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों के ई-मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06/05/2020

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024- 1918 /पटना, दिनांक-06-05-2026

प्रतिलिपि- श्री संजय कुमार सिंह, भा0प्र0से0, विशेष कार्य पदाधिकारी, गृह विभाग को सादर सूचनार्थ समर्पित। कृपया माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय को अवगत कराने की कृपा की जाय।

06/05/2026

(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण